# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

## 24 फरवरी, 2021

----

**[सामान्य प्रशासन - राजस्व एवं भूमि सुधार - पर्यटन - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - सूचना एवं जनसम्पर्क - आपदा प्रबंधन - मंत्रिमंडल सचिवालय - निगरानी - निर्वाचन सूचना प्रौद्योगिकी ].**

**कुल प्रश्न 19**

----

### पर्यटन स्थल के रूप में विकास

***36 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के वजीरगंज प्रखण्ड के ग्राम+पंचायत-विशुनपुर में हंसराज पर्वत पर सन् 1934 से स्थापित शिवलिंग सिद्धनाथ धाम नाम से विख्यात है;

(ख) क्या यह सही है कि हंसराज पर्वत पर सालभर श्रद्धालु पूजा-पाठ करते हैं एवं मेला लगा रहता है तथा श्रावण मास में उमानाथ से सैकड़ों कॉंवरिये जल भर कर भगवान शिव को अर्पित करते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक?

----

### सर्किट स्थल का विकास

***37 श्री रण विजय कुमार सिंह (विधान सभा):**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा पर्यटन की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पर्यटकीय दृष्टिकोण से विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों को विभिन्न सर्किटों के रूप में विकसित करने हेतु पंचवर्षीय रोड मैप बनाया गया है;

(ख) यदि खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो किन-किन सर्किटों के स्थलों का विकास किया जा रहा है, नहीं तो क्यों?

----

## कानूनी कार्रवाई

*38 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राजधानी पटना को खूबसूरत बनाने के लिए वर्ष 2019 में पटना के 1200 स्थानों पर छः लाख वर्ग फीट क्षेत्र में मधुबनी पेंटिंग बनाई गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि पेंटिंग बनने के छः माह के बाद ही अपनी सुन्दरता खोने लगी, कलर हल्का होने के साथ दीवारों से उसका रंग उतरने लगा;

(ग) क्या यह सही है कि पेंटिंग के बदरंग होने के कारण गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम को पटना बुलाने की योजना पर रोक लगा दी गई;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पेंटिंग के बदरंग होने की जांच कराकर लापरवाही के लिए जिम्मेवार अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## सुरक्षा की व्यवस्था

*39 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि हनुमान नगर (कंकड़बाग) पटना में अवस्थित अल्प आय वर्गीय मकानों (LIG) में भूतल वाले मकानों के आवंटियों को सड़क की तरफ से किसी तरह की चहारदीवारी का प्रावधान नहीं होने से सुरक्षा, गोपनीयता भंग होने के साथ-साथ आवारा पशुओं का दंश झेलने को विवश होना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि इन मकानों के आवंटी अगर अपने सुरक्षार्थ कोई व्यवस्था

करते हैं तो उसे महीने-दो-महीने में अतिक्रमण मानते हुए तोड़ दिया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि इन (LIG) मकानों में रहने वाले आवंटी किसी न किसी कार्यालय में सेवारत हैं और कर्तव्य पर रहने के कारण महिलाएँ और बच्चे अप्रिय घटना से भयभीत रहते हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार (LIG) कॉलोनी के भूतल वाले मकानों की सुरक्षा की व्यवस्था हेतु कोई कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?

----

## नाला का निर्माण

*40 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना शहर स्थित पुनाईचक मोहल्ला के रोड नं.- 4 एवं 5 के सरकारी आवासों में बरसात में नाला के पानी के निकासी नहीं होने के कारण आवासी के घरों में पानी घुसा रहता है;

(ख) क्या यह सही है कि राजवंशी नगर का पानी सम्प हाउस के द्वारा पुनाईचक मोहल्ला की नाली में जाता है, जिसके कारण जल जमाव होता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पुनाईचक स्थित रोड नं.- 4 एवं 5 में सरकारी आवासों के पानी की निकासी हेतु अलग नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## चकबंदी एवं सर्वे कब तक

*41 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार :-**

क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में 15 साल से चकबंदी का कार्य हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि अभी तक कितने प्रखंडों में चकबंदी का काम चल रहा है एवं 12 सौ मौजा ही अब तक संपुष्ट हो सके हैं और कितने पर दखल दिलाई गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक राज्य के सभी प्रखंडों में चकबंदी और सर्वे का काम पूरा कराना चाहती है?

----

## विद्युत शवदाह गृह चालू नहीं

*42 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि हाजीपुर में कोनहारा घाट स्थित विद्युत शवदाह गृह विगत कई वर्षों से खराब पड़ा है;

(ख) क्या यह सही है कि विद्युत शवदाह गृह खराब होने के कारण गरीब-गुरबा तबका को दाह संस्कार करने में कठिनाइओं का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक विद्युत शवदाह गृह को चालू कराना चाहती है?

----

## कर्मचारी पर कार्रवाई

*43 **श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार :-**

क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के राजनगर प्रखण्ड के कोइलख निवासी श्री संजीव कुमार ठाकुर ने अपने रांटी मौजा की जमीन के दाखिल खारिज हेतु दिनांक 03 अगस्त 2019 को ऑनलाइन आवेदन किया था ;

(ख) क्या यह सही है कि ऑनलाइन आवेदन के छः माह बाद भी आज तक इनकी जमीन का दाखिल खारिज विभागीय प्रक्रिया नहीं होने के कारण लंबित है;

(ग) क्या यह सही है कि श्री ठाकुर ने लंबित दाखिल खारिज के संबंध में मधुबनी जिला के राजनगर अंचलअधिकारी एवं कर्मचारी से कहा था जिसके लिए कर्मचारी ने इनसे अवैध पैसे की मांग की थी;

(घ) क्या यह सही है कि श्री ठाकुर के बाद जिन लोगों ने दाखिल खारिज किया था उनका विभागीय प्रक्रिया पूरा कर दाखिल खारिज कर दिया गया है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी जिला के राजनगर कोइलख निवासी श्री संजीव कुमार ठाकुर की रांटी मौजा जमीन का दाखिल खारिज कराते हुए उक्त कर्मचारी के ऊपर नियमानुसार कार्रवाई कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्यकारिणी का गठन

***44 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**सहकारिता :-**

क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि आदर्श सहकारी गृह निर्माण समिति लि., दानापुर में अनियमित तरीके से गठित तदर्थ बोर्ड की कार्य-अवधि दिनांक- 04.02.2020 को समाप्त हो गई, क्योंकि तदर्थ समिति का गठन दिनांक 04.08.2019 को हुआ था और बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1935 की धारा-14 (5), उप धारा (10) के तहत समिति का कार्यकाल मात्र 6 महीने का होता है;

(ख) क्या यह सही है कि कोरोना महामारी के कारण उक्त समिति का बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा समय पर होने वाले निर्वाचन को स्थगित रखा गया और भंग तदर्थ समिति का निर्वाचन, प्राधिकार द्वारा निर्गत निर्वाचन कार्यक्रम के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह-निर्वाचित पदाधिकारी, दानापुर ने अपने ज्ञापांक- 244, दिनांक- 16.10.2020 के द्वारा अनियमित तरीके से सम्पन्न करा दिया गया;

(ग) क्या यह सही है कि आदर्श सहकारी गृह निर्माण समिति लि., दानापुर का निर्वाचन सम्पन्न होने के पूर्व अवक्रमित थी अर्थात वहाँ प्रबंध समिति के भंग रहने के कारण कोई कार्यकारिणी कार्यरत नहीं थी;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आदर्श सहकारी गृह निर्माण लि., दानापुर का अनियमित तरीके से कराये गये निर्वाचन को जनहित में रद्द कर नये सिरे से कार्यकारिणी का गठन करने हेतु विधिसम्मत तरीके से

निर्वाचन कराने का विचार चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## हवाई यात्रा की सुविधा

***45 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**मंत्रिमंडल सचिवालय :-**

क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय (नागरिक विमानन ) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में कई हवाई अड्डे अस्तित्व में हैं लेकिन वह सक्रिय एवं उपयोग में नहीं हैं;

(ख) क्या यह सही है कि केन्द्र सरकार द्वारा उड़ान योजना (UDAN) शुरू किये जाने के क्रम में राज्य का कोई भी शहर 'क्षेत्रीय कनेक्टिविटी' (Regional Connectivity) के तहत पटना राजधानी से नहीं जुड़ा हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कम दूरी के सफर को आसान 'सस्ती उड़ान' के माध्यम से राज्य के लोगों को हवाई यात्रा की सुविधा का आनन्द प्रदान करने हेतु केन्द्र सरकार के साथ-साथ एयरपोर्ट ऑथोरिटी से विमर्श करने का विचार रखती है?

----

## पार्क का सौंदर्यीकरण

***46 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीवान जिलान्तर्गत नगरपालिका मार्केट परिसर, जो कि वर्तमान में सिसवन (हसनपुरा) बस स्टैण्ड कहलाता है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड (क) में वर्णित स्थान के ऊपर रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर पुल निर्माण के पश्चात् खाली पड़ा है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त क्षेत्र में पार्क एवं पार्किंग नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में यथाशीघ्र पार्क एवं पार्किंग के निर्माणोपरांत सौंदर्यीकरण करवाना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## धरोहर संरक्षण का प्रशिक्षण

***47 डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार):**

**सामान्य प्रशासन :-**

क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के प्रशासनिक, पुलिस, राजस्व, अभियंता एवं अन्य कोटि के अधिकारियों को प्रशिक्षण काल में बिहार के गौरवशाली धरोहर के संरक्षण के दायित्व बोध से अवगत नहीं कराया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि इसके अभाव में राज्य की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन में इन महत्वपूर्ण धरोहरों को आघात पहुंचाया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि इस क्रम में राज्य सरकार द्वारा बनाए गए विभिन्न नियमों का अनुपालन भी नहीं होता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपने अधिकारियों को धरोहर संरक्षण के विभिन्न अवयवों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## आपत्ति का निस्तारण

***48 श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के अन्दर नगर निकायों के गठन के लिए प्रस्तावित परिसीमन की अधिसूचना में सुधार हेतु जिला में आपत्ति आवेदन लेने की प्रक्रिया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त आपत्ति आवेदन पर विचार हेतु जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित है;

(ग) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत बीहट नगर परिषद् के विस्तार का प्रस्ताव है, जिसके लिए ससमय आपत्ति आवेदन स्थानीय जनता द्वारा दिया गया था;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त आपत्ति आवेदन पर न तो विचार किया गया, न तो स्थानीय जनप्रतिनिधि से कोई राय ही ली गई है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बीहट नगर परिषद् के गठन संबंधी प्रस्तावित परिसिमन पर पुनर्विचार करने एवं दिये गये आपत्ति का निस्तारण नियमानुकूल तरीके से करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## पदाधिकारी पर कार्रवाई

***49 श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार):**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण :-**

क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जमुई जिले के प्रखंड सोनो पंचायत दहियारी ग्राम बुच्ची अनुसूचित एवं अति पिछड़ा वर्ग के गरीब परिवार जंगलों में लकड़ी चुनकर जीवन बसर करते हैं, वार्ड नंबर 11 के दुकानदार मनमाने ढंग से राशन वितरण करते हैं, इस कारण जन वितरण प्रणाली दुकानदार के खिलाफ ग्रामीणों में काफी आक्रोश है;

(ख) क्या यह सही है कि जन वितरण प्रणाली दुकानदार के द्वारा पिछले कई महीनों से इन गांवों में फ्री राशन वितरण नहीं किया गया, जबकि सरकार के द्वारा फ्री अनाज और दाल देना था;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इन गरीब परिवार को राशन उपलब्ध करा कर दोषी जन वितरण प्रणाली दुकानदार एवं पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहेगी, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीदगी

***50 श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

**सहकारिता :-**

क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों से धान खरीद के लिए वित्तीय वर्ष, 2020-21 में 45 लाख मीट्रिक टन धान खरीद करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि दिनांक- 27.01.2021 तक किसानों से मात्र 20.45 लाख मीट्रिक टन ही धान की खरीद हुई है, जो कि लक्ष्य का 45% है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कब तक लक्ष्य के अनुसार धान खरीद करते हुए लक्ष्य को पूरा करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## विस्थापित परिवारों के पुनर्वास

***51 श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला में 20 साल में छह बार प्रलयंकारी बाढ़ आई;

(ख) क्या यह सही है कि जिला के नदी के निचले हिस्से में बसे छह प्रखंडों के 110 गांव में अमूमन हर साल बाढ़ आती है जिससे सैकड़ों लोगों की जिंदगी तहस-नहस हो जाती है;

(ग) क्या यह सही है कि 20 साल पहले आई बाढ़ का जख्म पीडि़तों के जेहन में आज भी हरा है, बाढ़ में सब कुछ गंवा चुके करीब 3000 लोग तटबंध और सड़क किनारे झोपड़ी में जिंदगी गुजार रहे हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार विस्थापित हुए परिवारों के पुनर्वास की योजना बनायेगी, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## नाला एवं सडक का निर्माण

***52 श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर निगम के वार्ड संख्या- 44 के अन्तर्गत फोर्ड हॉस्पीटल के बगल से सदभावना नगर तक जाने वाली सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो

गई है जिसके कारण पूर्वी शिवनगर, पूर्वी लक्ष्मीनगर एवं सदभावना नगर के लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि फोर्ड हॉस्पीटल के बगल का पुल भी टूटा हुआ है, जिसके कारण कभी भी दुर्घटना घट सकती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना नगर निगम के वार्ड संख्या- 44 अन्तर्गत फोर्ड हॉस्पीटल (बाइपास) के बगल वाली पुलिया का पुनर्निर्माण कराने एवं पूर्वी शिवनगर, पूर्वी लक्ष्मीनगर तेतर पथ होते हुए सदभावना नगर तक नाला सहित सड़क का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?

----

## स्ट्रीट लाइट कब तक

***53 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना के नई पुनाईचक स्थित सुधा डेयरी बूथ से लेकर महावीर मंदिर मुख्य मार्ग राजवंशी नगर तक कुछ फ्लैट के सामने स्ट्रीट लाइट लगाया गया है लेकिन कुछ को छोड़ दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि बेली रोड के ललित भवन से लेकर सुधा डेयरा बूथ होते हुए राजवंशी नगर मुख्य मार्ग तक इस भेदभाव से लोगों में असंतोष पैदा हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समरूपता अपनाते हुए उक्त मार्ग के सभी विद्युत पोलों पर स्ट्रीट लाइट लगाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## पर्यटन स्थल का विकास एवं सौंदर्यीकरण

***54 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि नवादा के जिला पदाधिकारी ने पत्रांक- 188/सा. दिनांक-

16.02.2019 के द्वारा नवादा जिला के नारदीगंज टोला दरियापुर में अवस्थित प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर एवं देवी मंदिर की पर्यटकीय संभावनाओं एवं दर्शानार्थियों की सुविधा हेतु सरकार को पत्र प्रेषित किया है;

(ख) यदि उपरोक्त खण्ड 'क'का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार डी.पी.आर. बनवाकर प्रश्नगत पर्यटन स्थल का विकास एवं सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----